भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

IIT

INDIAN INSTITUTE OF TECHNOLOGY
BANARAS HINDU UNIVERSITY

☎ 0542 2366676: e-mail : pro.ppc@itbhu.ac.in

कुलसचिव कार्यालय
(प्रेस एवं प्रचार प्रकोष्ठ)

जनसंदेश टाइम्स

Office of the Registrar
(Press & Publicity Cell)

दिनांक : 22.06.2019

आईआईटी में तीन सौ ने किया योग

वर्ड योग डे

शिक्षक, विद्यार्थी, कर्मचारी सहित बीएचयू कर्मी हुए शामिल



जिमखाना मैदान में योग करते निदेशक प्रो.पीके जैन और अन्य

वाराणसी। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान बीएचयू के जिमखाना मैदान में शुक्रवार बड़ी संख्या में योग शिविर आयोजित की गयी। जिसमें छात्रों, कर्मचारियों, शिक्षकों और चिकित्सकों ने योग में प्रतिभाग किया। आईआईटी की ओर से पांचवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर दस दिनी योग कार्यशाला के तहत स्वस्थ जीवन के लिए योग की मुद्राओं का प्रदर्शन करके प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही इसके लाभ आदि की भी जानकारी दी गयी।

इस दौरान छात्र कार्य अधिष्ठाता प्रोफेसर बीएन राय ने बताया कि संस्थान में 12 जून से 21 जून तक दस दिवसीय योग कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में शत-प्रतिशत उपस्थित होकर योग करने वाले 155 प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र भी प्रदान किया गया। शुक्रवार को 300 से अधिक लोगों को योग शिविर का लाभ उठाया। दस दिन तक चले योग कार्यशाला में काशी हिन्दू विश्वविद्याल से कई विशेषज्ञों ने शिविर में योग की वैज्ञानिकता को सिद्ध करते हुए व्याख्यान दिया और आहार-विहार के बारे में जानकारी दी। कार्यशाला में योग प्रशिक्षक अभिषेक कुमार गुप्ता के निर्देशन में योग प्रशिक्षण दिया गया। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिमखाना में संस्थान के शिक्षक, कर्मचारी, छात्र-छात्राएं इसमें बीएचयू शिक्षक, चिकित्सक, कर्मचारी और नगर के कई गणमान्य लोग भी शामिल हुए। इसके साथ ही दस दिन की कार्यशाला के समापन कर दिया गया।